भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1322**
दिनांक 03.12.2024 को उत्तरित

**उत्तराखंड में ग्राम पंचायतों का विकास**

**1322. श्री अजय भट्टः**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तराखंड में ग्राम पंचायतों के विकास के लिए सरकार द्वारा जिले-वार और वर्ष-वार आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तराखंड में जिले-वार कम्प्यूटरीकृत ग्राम पंचायतों की संख्या कितनी है; और

(ग) उत्तराखंड में कम्प्यूटरीकृत पंचायतों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**

**(प्रोफ. एस.पी.सिंह बघेल)**

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तराखंड को केंद्रीय वित्त आयोग अनुदान के तहत आवंटित और पंचायती राज मंत्रालय की योजनाओं के तहत जारी की गई धनराशि निम्नानुसार है:

**(राशि करोड़ रुपए में)**

| **वर्ष** | **केंद्रीय वित्त आयोग अनुदान (सीएफसी)*** | **राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए)**** | **पंचायतों का प्रोत्साहनीकरण (आईओपी)**** |
|---|---|---|---|
| **2019-20** | 570.44 | 23.79 | 0.05 |
| **2020-21** | 574.00 | 26.75 | 2.96 |
| **2021-22** | 425.00 | 0.00 | 1.49 |
| **2022-23** | 440.00 | 42.48 | 1.51 |
| **2023-24** | 445.00 | 64.67 | 0 |

* जिलावार आवंटन राज्य द्वारा किया जाता है।
** आरजीएसए और आईओपी की योजनाओं के तहत धनराशि का पूर्व आवंटन नहीं किया जाता है और न ही मंत्रालय द्वारा कोई जिलावार धनराशि जारी की जाती है।

(ख) एवं (ग) उत्तराखंड की सभी 2,805 ग्राम पंचायतों को कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है। मंत्रालय में ग्राम पंचायतों की जिलेवार जानकारी नहीं रखी जाती है।

***